## 29 .65 लाख लूट का खुलासा, रिटायर्ड फौजी निकला मास्टरमाइंड

- स्क्रैप व्यापारी के कर्मचारी से लूट का मामला, 5 आरोपी गिरफ्तार
- आरोपियों ने सांवरिया सेठ मंदिर में चढ़ाए 1.11 लाख रुपए



नव भारत न्यूज

**इंदौर. पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में बर्तन बाजार के पास हुई स्क्रैप व्यापारी के कर्मचारी से 29 लाख 65 हजार रुपए की अंधी लूट का पुलिस ने खुलासा कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. मामले का मास्टरमाइंड एक रिटायर्ड फौजी चंद्रशेखर मुकाती निकला, जिसने साथियों के साथ मिलकर पूरी वारदात की साजिश रची थी.**

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने इस अंधी लूट का खुलासा करते हुए बताया कि 11 जून को रात्रि 8.25 बजे स्क्रैप कारोबारी के कर्मचारी से 29 लाख 65 हजार रुपए से भरा बैग लूटा था. जांच के दौरान सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची. पूछताछ में सामने आया कि मुख्य आरोपी को कारोबारी के कैश कलेक्शन सिस्टम और रूट की पूरी जानकारी थी, जिसका फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया गया. लूट के बाद आरोपी राजस्थान के प्रसिद्ध सांवरिया सेठ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने 1 लाख 11 हजार रुपए का चढ़ावा चढ़ाया. इसके बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए महाराष्ट्र और राजस्थान के अलग-अलग स्थानों पर छिपते रहे.

### 22 .50 लाख नकद व लूट के ढाई लाख रु. से खरीदी कार बरामद

इंदौर पुलिस ने लगातार दबिश देकर सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया. उनकी निशानदेही पर 22 लाख 50 हजार रुपए नकद और लूट की रकम से खरीदी गई करीब ढाई लाख रुपए की आई-20 कार सहित अन्य सामग्री बरामद की है. शेष रकम आरोपियों ने खर्च कर दी, जिसकी जांच जारी है. पुलिस के अनुसार मामले में आरोपियों से पूछताछ जारी है और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है. पूछताछ में कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं, जांच जारी है.

## दलबदल मामले में हाईकोर्ट सख्त, सरकार को एक माह की अंतिम मोहलत

- तीन पार्षदों की सदस्यता को लेकर अवमानना का मामला
- कोर्ट ने चेताया- फैसला टला तो अधिकारी से वसूली जाएगी लागत

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** नगर निगम के तीन पार्षदों पर चल रहे दलबदल प्रकरण में हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए राज्य शासन को अंतिम रूप से एक माह का समय दिया है. कोर्ट ने साफ किया है कि तय समय में निर्णय नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारी से व्यक्तिगत तौर पर लागत वसूली जाएगी.

मामला वार्ड 45 की पार्षद सोनिला मिमरोट की ओर से दायर याचिका से जुड़ा है. याचिका में पार्षद ममता सुभाष सुनेर, शिवम यादव और विनीता धर्मेंद्र मौर्य की सदस्यता को चुनौती दी गई है. आरोप है कि चुनाव जीतने के बाद तीनों ने अपनी मूल पार्टी छोड़कर दूसरे दल का समर्थन किया, जो दलबदल कानून के तहत अयोग्यता की श्रेणी में आता है. याचिकाकर्ता ने 20 मई 2024 को मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 17(3) के तहत राज्य शासन के समक्ष आवेदन दिया था, लेकिन एक साल से ज्यादा समय गुजरने के बाद भी कोई निर्णय नहीं हुआ, इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा.

### कोर्ट का आदेश नहीं मानने पर लगाई थी अवमानना याचिका

मामला हाईकोर्ट में पहुंचने पर जस्टिस प्रणय वर्मा ने 26 अगस्त 2025 को राज्य शासन को सभी पक्षों को सुनकर दो माह में फैसला करने का निर्देश दिया था, लेकिन आदेश का पालन नहीं हुआ. इसके चलते अवमानना याचिका दायर की गई. अवमानना पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सुबोध अभ्यंकर ने अब एक माह की अंतिम मोहलत देते हुए सख्त चेतावनी दी है. कोर्ट ने कहा कि यदि इसके बाद भी आदेश का पालन नहीं हुआ और याचिकाकर्ता को फिर से कोर्ट आना पड़ा, तो वर्तमान और भविष्य की याचिकाओं की लागत संबंधित अधिकारी से व्यक्तिगत रूप से वसूली जाएगी.

## बैंक से रुपए लेकर निकले शिक्षक के सवा चार लाख रुपए उड़ाए

- दो वाहनों पर आए दो महिला और दो पुरुषों ने की वारदात
- रैकी कर वारदात को दिया अंजाम, सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय महिला-पुरुषों की एक गैंग ने एक बार फिर बैंक से पैसे निकालने वाले व्यक्ति को निशाना बनाकर सवा चार लाख रुपए पार कर दिए. ताजा मामला सांवेर क्षेत्र के गुरान गांव का है, जहां एक शिक्षक की बाइक के साइड बैग में रखे सवा चार लाख रुपए चोरी कर लिए. जानकारी के मुताबिक, गुरान निवासी शिक्षक संजय चौधरी बैंक से करीब सवा चार लाख रुपए निकालकर बाइक से घर लौट रहे थे. उन्होंने रकम बाइक के साइड बैग में रख ली थी. रास्ते में एक किराना दुकान के सामने बाइक खड़ी कर वे कुछ सामान लेने दुकान पर गए. जैसे ही वे सामान लेने पहुंचे, तभी बदमाश बैग निकालकर मौके से फरार हो गए. आशंका है कि आरोपियों ने बैंक से ही शिक्षक की रैकी शुरू कर दी थी और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम दे दिया. घटना पास के सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है, जिसमें दो बाइक पर सवार दो महिलाएं और दो पुरुष संदिग्ध रूप से घूमते नजर आ रहे हैं.

### इसी तरह की वारदात बेटमा क्षेत्र में भी आई थी सामने

इसी तरह की वारदात कुछ दिन पहले बेटमा क्षेत्र में भी सामने आई थी, जहां बैंक से पैसे निकालकर बस में बैठे एक बुजुर्ग की जेब से रकम पार कर दी गई थी. उस मामले में भी सीसीटीवी में एक महिला और पुरुष बैंक से ही बुजुर्ग का पीछा करते नजर आए थे. पुलिस को आशंका है कि दोनों घटनाओं के पीछे एक ही संगठित गैंग सक्रिय है, जो ग्रामीण इलाकों की बैंकों के बाहर निगरानी कर ऐसे वारदातों को अंजाम दे रही है, मामले में जांच जारी है.

## नाबालिग से जीजा ने की छेड़छाड़, धमकी भी दी

इंदौर. खजराना थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय नाबालिग के साथ उसके जीजा द्वारा छेड़छाड़ और धमकी देने का मामला सामने आया है. थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत में बताया कि उसका जीजा सोहेल अब्बासी उसे लंबे समय से परेशान कर रहा था. 14 जून की रात आरोपी ने उसे रोका और कहा कि वह उससे प्यार करता है और शादी करना चाहता है. जब पीड़िता ने मना किया तो आरोपी ने धमकाते हुए जबरन गाड़ी पर बैठने के लिए कहा. आरोपी उसे एकांत स्थान पर ले गया, जहां उसने बुरी नियत से छेड़छाड़ की और धमकी दी कि कहीं जाने की कोशिश की तो जान से खत्म कर देगा. घटना के बाद पीड़िता ने परिजनों को जानकारी दी. मामले पुलिस ने आरोपी सोहेल अब्बासी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## राष्ट्रपति के दौरे को लेकर अभेद्य सुरक्षा

- एयरपोर्ट के 5 किमी के दायरे का क्षेत्र नो-फ्लाई जोन घोषित
- आज इंदौर पहुंचेंगी द्रौपदी मुर्मु, सीधे ओंकारेश्वर होंगी रवाना
- तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं. 18 से 21 जून तक मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान वे पहले दिन कल 18 जून को इंदौर पहुंचेंगी और यहां से सीधे भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए रवाना होंगी. राष्ट्रपति के आगमन से एक दिन पहले वायुसेना के तीन विशेष हेलीकॉप्टर इंदौर पहुंचे. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के अनुसार, राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए शहर में अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है. इंदौर पुलिस, जिला प्रशासन और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त रूप से पूरे रूट और कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया है. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है. एयरपोर्ट से लेकर ओंकारेश्वर तक के मार्ग पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगा और हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए तकनीकी सर्विलांस का सहारा लिया जा रहा है. सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत देवी अहिल्या बाई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के 5 किलोमीटर के दायरे को नो-फ्लाई जोन घोषित कर दिया है. इस क्षेत्र में ड्रोन, पैराग्लाइडर सहित किसी भी प्रकार की उड़ने वाली वस्तु के संचालन पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा.

**केंद्रीय एजेंसियों और स्थानीय पुलिस ने पूरे कारकेड का किया रिहर्सल**

पुलिस कमिश्नर के मुताबिक राष्ट्रपति के दौरे से पहले केंद्रीय एजेंसियों और स्थानीय पुलिस ने पूरे कारकेड का रिहर्सल भी किया. एयरपोर्ट आगमन से लेकर ओंकारेश्वर रवाना होने तक के पूरे रूट पर सुरक्षा व्यवस्था का परीक्षण किया है.

### एक नजर में

## भव्य शौर्य यात्रा के साथ महाराणा प्रताप ब्रिज पर प्रतिमा का अनावरण



**महू.** ग्राम पिगडंबर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की 486वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में राजपूत समाज द्वारा कुंवर शक्ति सिंह गोयल के नेतृत्व में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 19वां विशाल आयोजन किया गया. इस ऐतिहासिक अवसर पर जन सहयोग से नवनिर्मित महाराणा प्रताप ब्रिज पर महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा स्थापित कर उसका गरिमामय अनावरण किया गया. जयंती महोत्सव के तहत प्रात: 11 बजे श्रीराम तेजाजी चौक से शुरू हुई यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी. यात्रा में पूरा पिगडंबर नगर केसरिया रंग में रंगा नजर आया. समाज के युवा और वरिष्ठ जन केसरिया साफा पहनकर और हाथों में केसरिया ध्वज थामे शौर्य का प्रतीक बने चल रहे थे. यात्रा में मुख्य आकर्षण महाराणा प्रताप जी की मनमोहक झांकी और घोड़ों पर सवार केसरिया ध्वज लिए युवा शामिल रहे. इस मौके पर क्षेत्र के कई वरिष्ठ राजनेता, सामाजिक पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता कंचन सिंह चौहान जिला पंचायत सदस्य कन्हैयालाल ठाकुर, अखिल भारतीय राजपूत समाज अध्यक्ष संतोष ठाकुर, करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष रौनक ठाकुर, स्थानीय जनप्रतिनिधि सरपंच रूप सिंह जाधव, उपसरपंच रिंकू सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य रामचंद्र चौहान अन्य वरिष्ठ एवं युवा नेतृत्व दिलीप सिंह गोयल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति, वरिष्ठ जन और युवा साथी उपस्थित थे.

## महाराणा प्रताप और महाराजा छत्रसाल जयंती पर उमड़ा क्षत्रिय समाज




**सिमरोल.** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवं महाराजा छत्रसाल जयंती के पावन अवसर पर ग्राम दतोदा में भव्य महासभा का आयोजन किया गया. मध्य भारत क्षत्रिय राजपूत परिषद न्यास एवं मध्य भारत राजपूत युवा संगठन के तत्वावधान में आयोजित यह गरिमामयी कार्यक्रम मां पद्मावती सती परिसर पर संपन्न हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत मां अन्नपूर्णा धाम स्थित राष्ट्रगौरव महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पारंपरिक रूप से माल्यार्पण कर की गई. इसके पश्चात मां पद्मावती सती टेकरी पर मुख्य सभा का आयोजन हुआ. इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष खुमानसिंह पटेल, पूर्व अध्यक्ष पदमसिंह मस्करा एवं मां अन्नपूर्णा विकास प्रेरक समिति के अध्यक्ष दिनेश पटेल व बारह गांव के पटेल सहित समाज के वरिष्ठ जन और बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे. इस मौके पर युवा संगठन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गणेश सिंह चंदेल ने महासभा को संबोधित किया. इस भव्य आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि समाज की ओर से देश की सेवा कर लौटे रिटायर्ड फौजी भाइयों का साफा बांधकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया. साथ ही, समाज और देश की भावी पीढ़ी को गढ़ने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों का भी विशेष सम्मान किया गया. उक्त कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी समाज के पूर्व कोषाध्यक्ष पूनमचंद पटेल एवं शेखर सिंह देवड़ा द्वारा दी गई.

## महिला सूदखोर से परेशान व्यक्ति ने जहर खाकर दी जान

- 50 हजार के कर्ज पर 3.5 लाख रुपए वसूले
- और वसूलने के लिए बना रही थी दबाव

**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र में सूदखोरी और प्रताड़ना से जुड़े मामले में एक व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली. मामले में पुलिस ने महिला सूदखोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है.

थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि नंदबाग निवासी राजेश साहू पिता छगनलाल साहू ने 13 मार्च को जहर खा लिया था. गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई थी.



जांच के दौरान मृतक के बेटे अजय साहू सहित अन्य परिजनों के बयान लिए गए. परिजनों ने बताया कि राजेश ने कुछ समय पहले क्षेत्र की ही रोशनी साहू से 50 हजार रुपए उधार लिए थे.

आरोप है कि रोशनी ने ब्याज के नाम पर करीब 3 लाख 50 हजार रुपए वसूल लिए, इसके बावजूद वह लगातार और पैसे की मांग कर रही थी और राजेश पर मानसिक दबाव बना रही थी. घटना वाले दिन भी वह अपनी लोडिंग में बेसुध हालत में मिले थे, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां बेटे अजय ने उनकी पहचान की थी. मर्ग जांच और बयानों के आधार पर पुलिस ने आरोपी रोशनी साहू के खिलाफ सूदखोरी अधिनियम और प्रताड़ना की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है, मामले की विस्तृत जांच जारी है.

### पारिवारिक विवाद से परेशान किसान ने लगाई फांसी

इंदौर. खुड़ैल थाना क्षेत्र में एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद और पत्नी के लंबे समय से मायके में रहने के कारण मानसिक तनाव की बात सामने आई है. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. 51 वर्षीय कैलाश चौहान पिता करण सिंह चौहान निवासी बढ़िया कीमा ने अपने घर में फांसी लगा ली. देर शाम जब उसका बेटा घर पहुंचा तो पिता को फंदे पर लटका देखा. इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. परिजनों ने पुलिस को बताया कि कैलाश की पत्नी विमला पिछले तीन माह से राऊ स्थित मायके में रह रही थी. कैलाश कई बार उसे वापस लाने गया, लेकिन वह नहीं लौटी. दो दिन पहले भी वह ससुराल पहुंचा था, जहां पत्नी ने नौकरी करने और अलग रहने की बात कहकर साथ आने से इंकार कर दिया था. मामले में खुड़ैल पुलिस का कहना है कि पति पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था, मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है.

## छात्र ने लगाई फांसी, परिजनों ने एक युवती पर लगाए ब्लैकमेलिंग के आरोप

इंदौर. गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक कॉलेज छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के बाद परिजनों ने छात्र की परिचित युवती पर ब्लैकमेलिंग और पैसों की मांग करने के गंभीर आरोप लगाए हैं. पुलिस ने मर्ग कायम कर छात्र का मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी है. 21 वर्षीय राहुल पिता संतोष झरने निवासी गोमतगिरी वैष्णव कॉलेज में थर्ड ईयर का छात्र था. मंगलवार शाम वह घर पर अकेला था, इसी दौरान उसने फांसी लगा ली. शाम को जब उसकी मां काम से लौटकर घर पहुंची तो बेटे को फंदे पर लटका देखा. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की. परिजनों ने पुलिस को बताया कि राहुल का क्षेत्र की एक युवती से लंबे समय से प्रेम संबंध था. उनका आरोप है कि युवती राहुल पर लगातार पैसों के लिए दबाव बना रही थी. मोबाइल में मिली आखिरी चैट में भी युवती द्वारा रुपए मांगने की बात सामने आई है. गांधी नगर थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि फिलहाल मर्ग कायम कर लिया है और आत्महत्या के कारणों की हर पहलू से जांच की जा रही है. मोबाइल और चैट रिकॉर्ड की जांच के बाद ही स्थिति साफ होगी.

## पेंशनर्स ऐप के जरिये 80 साल के बुजुर्ग से 6 .66 लाख ठगे

- ओटीपी लेकर खाते से रकम उड़ाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** साइबर ठगों ने एक 80 वर्षीय बुजुर्ग को निशाना बनाते हुए 6 लाख 66 हजार 200 रुपए की ठगी कर ली. तुकोगंज थाना क्षेत्र के रेसकोर्स रोड स्थित सिल्वर स्टड अपार्टमेंट निवासी सत्यनारायण सराफ को बैंक ऑफ इंडिया पेंशनर्स ऐप अपडेट कराने का झांसा देकर जालसाजों ने ओटीपी हासिल किया और खाते से पूरी राशि निकाल ली.

तुकोगंज थाना प्रभारी जितेन्द्र चौहान ने बताया कि आरोपी ने खुद को बैंक प्रतिनिधि बताकर बुजुर्ग को फोन किया और ऐप अपडेट के नाम पर बातचीत में उलझाए रखा. इसी दौरान उनके मोबाइल पर आए ट्रांजैक्शन ओटीपी हासिल कर अलग-अलग किस्तों में 6.66 लाख रुपए अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिए. लगातार पैसे कटने के मैसेज मिलने पर बुजुर्ग को ठगी का अहसास हुआ. परिजनों के साथ वे तुरंत थाने पहुंचे, जहां शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया. पुलिस की साइबर टीम ट्रांजेक्शन से जुड़े खातों को ट्रेस कर उन्हें फ्रीज कराने की कार्रवाई कर रही है. मामले में तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है.

### भरोसे का फायदा उठाकर 5 .60 लाख पार

इंदौर. आजाद नगर थाना क्षेत्र में परिचित ने ही भरोसे को तोड़ते हुए 5 लाख 60 हजार रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया. रकम मकान की रजिस्ट्री के लिए घर में रखी गई थी, जिसे आरोपी पहले से जानता था. मामला मूसाखेड़ी के राम नगर का है. फरियादी कपिल उईके ने पुलिस को बताया कि उन्होंने रजिस्ट्री के लिए 5 .60 लाख रुपए नगद घर की अलमारी में रखे थे.

## आग से गृहस्थी का सामान जला

**इंदौर.** कमला नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक मकान में भीषण आग लग गई. आग ने कुछ ही देर में घर के कमरों को चपेट में ले लिया. सुबह करीब 5 बजे पंकज सिसौदिया के मकान में अचानक आग भड़क उठी. लपटें और धुआं देखकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और फायर ब्रिगेड को सूचना दी. सूचना मिलते ही लक्ष्मीबाई नगर फायर स्टेशन से दमकल वाहन और टीम मौके पर पहुंची. दमकल कर्मियों ने पहुंचते ही चारों ओर से पानी की बौछार शुरू की और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया, आग बुझने के बाद टीम वापस लौट गई. हादसे में घर के भीतर रखा पूरा गृहस्थी का सामान जल गया.

## चलती गाड़ियों पर शराब पार्टी : पुलिस आई हरकत में

- वायरल वीडियो को लेकर पुलिस ने शुरू की जांच
- गाड़ियों के नंबर के आधार पर होगी कार्रवाई

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्ती के बीच कुछ युवाओं का कानून को खुलेआम चुनौती देने वाला वीडियो सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में युवक-युवतियां चलती गाड़ियों पर शराब पीते नजर आ रहे हैं.



वायरल हो रहा यह वीडियो बापट चौराहे के आसपास का है, जहां एक बुलेट और एक एक्टिवा पर सवार युवक युवतियां हाथ में बीयर की बोतल और सिगरेट लेकर चलते वाहन पर ही शराब का सेवन कर रहे हैं.

**एक नजर में** जनवरी से मार्च के तीन महीनों में सामने आए 13,640 मामले, शहर के बाहरी हिस्सों में श्वानों के हमलों में चिंताजनक वृद्धि

## डॉग बाइट के बढ़ते मामलों से शहर में भय और असुरक्षा का माहौल





इंदौर. शहर में डॉग बाइट के मामले लगातार बढ़ रहे हैं. जनवरी से मार्च के तीन महीनों में 13,640 मामले सामने आए हैं. शहर की सीमा से लगे बाहरी वार्डों में आवारा श्वानों की संख्या और हमलों में चिंताजनक वृद्धि हुई है, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है.

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026 के पहले तीन महीनों में ही 13,640 लोग डॉग बाइट का शिकार हो चुके हैं. इसमें फरवरी महीने में 4,166 लोगों को कुत्तों ने काटा. इनमें 667 बच्चे और 799 महिलाएं शामिल थीं. मार्च में यह संख्या बढ़कर 4,722 हो गई, जो की गंभीर चिंताजनक है. इसके बावजूद जिम्मेदारों द्वारा समस्या के समाधान की दिशा में प्रभावी प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं.

आवारा श्वानों को लेकर वार्ड क्रमांक 39 से ऐसा मामला सामने आया है, जिसने यहां के रहवासियों में आक्रोश भर दिया है. क्षेत्र में आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या को लेकर यहां के बाशिंदों ने खुलासा करते हुए बताया कि शहर के मध्य क्षेत्रों से पकड़े गए आवारा कुत्तों को श्वान वाहन द्वारा सुबह-सुबह लगभग 5 बजे खजराना क्षेत्र में लाकर छोड़ दिया जाता है. यदि यह आरोप सही है तो यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ है. क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या और हमले लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं. क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है. रहवासियों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि वार्ड क्रमांक 39 को आवारा कुत्तों का डंपिंग जोन बनाने के बजाय स्थायी और प्रभावी समाधान निकाला जाए.

### यह बोले नागरिक...



हम सुबह-शाम घर से निकलने में डरते हैं. बच्चों को स्कूल भेजना भी चिंता का विषय बन गया है. आवारा श्वानों की संख्या लगातार बढ़ रही है प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए.

**- आसिफ कुरैशी**



कई बार आवारा श्वानों के झुंड राहगीरों के पीछे दौड़ते हैं. बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है. नगर निगम को स्थायी समाधान निकालकर लोगों को राहत देनी चाहिए.

**- कादर खान पप्पू**



यदि दूसरे क्षेत्रों से श्वानों को यहां छोड़ने की बात सही है तो यह बेहद गंभीर मामला है. क्षेत्र के नागरिकों की सुरक्षा से समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता.

**- इमरान खान**